विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-14 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **14(क)-** क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रयागराज की तहसील-फूलपुर में यादव चौराहा, बाबूगंज से चिरौड़ा होते हुए हनुमान गंज जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में लापरवाह अधिकारियों / कर्मचारियों के द्वारा गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया था, जिसके कारण क्षेत्रीय जनता को आवागमन में अत्यधिक परेशानी हो रही है ? | जी नहीं। प्रश्नगत मार्ग अत्यंत जर्जर होने के कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-।।। के अन्तर्गत नई तकनीक एफ0डी0आर0 द्वारा अपग्रेडेशन करने हेतु स्वीकृत तथा निर्माणाधीन है। वर्तमान में मार्ग के 15.20 किलोमीटर लम्बाई में से 07 किमी0 के भाग में एफ0डी0आर0 का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिस पर आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। मार्ग के पूर्ण होने की सम्भावित तिथि 23.10.2022 है। |
| **(ख)**- यदि हॉं, तो उक्त मार्ग का विगत कई वर्षों से पूर्ण निर्माण न कराये जाने के क्या कारण हैं ? | प्रश्न नहीं उठता । |
| **(ग)**- क्या उक्त मार्ग का निर्माण पूर्ण कराते हुए सम्बन्धित दोषी अधिकारियों / कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार । |
| **(घ)**- यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता । |

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री